# खेल से खिलाड़ियों में आता है निखार



बूंदी के कन्या महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

## खेल दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**बूंदी.** राजकीय महाविद्यालय में हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के अवसर पर मनाए जाने वाले खेल दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यवाहक प्राचार्य एन.के. जेतवाल ने ध्वजारोहण करके की। इसके बाद बॉस्केटबॉल का मैत्री मैच खेला गया। खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कार्यवाहक प्राचार्य ने कहा कि खेल से खिलाड़ियो में निखार आता है।

खेल हमेशा खेल की भावना के साथ खेलना चाहिए। खेल प्रभारी राहुल सक्सेना ने भी खिलाड़ियों को प्रेरित किया। वहीं महाविद्यालय में अर्जुन दृष्टि क्रीड़ा प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें नियमित विद्यार्थियों को पांच हाऊस में बांटा गया। इस दौरान दिलीप कुमार राठौड़, संजय भल्ला, संदीप मीना, मोहम्मद शाकिर, राजेंद्र आदि मौजूद थे।

इसी प्रकार शहर के खेल संकुल के जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र में गुरुवार को खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद की तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित किए गए। इसके बाद वालीबाल का मैच खेला गया। बाद में जिला वालीबाल संघ व खेल संकुल के खिलाड़ियो के बीच मैत्री मैच खेला गया। जिला खेल अधिकारी वाई.बी.सिंह ने मेजर ध्यानचंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। राजकीय कन्या महाविद्यालय में भी खेल दिवस मनाया गया। प्राचार्य पीयूष कुमार सालोदिया ने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ खेल में भी रूचि लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर आयोजित हुई टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सीमा कौर विजेता रही। म्यूजिकल चेयर में सीमा सैनी प्रथम, सीमा कौर द्वितीय, डॉर्ट बोर्ड गेम में पूजा मीणा प्रथम, सीमा कौर द्वितीय रही।



देई. राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जैतपुर में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में दमखम दिखाती खिलाड़ी।

## खिलाड़ियों ने कबड्डी में दिखाया दम

**देई.** नेहरू युवा मंडल लाम्बाबरड़ा की ओर से गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत जैतपुर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। नेहरू युवा मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य बृजमोहन मीणा थे व अध्यक्षता प्रकाश गुर्जर ने की। विशिष्ट अतिथि महावीर नागर थे। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में प्रथम जैतपुर, द्वितीय तुम्बीपुरा, बालक वर्ग में प्रथम नन्दगांव व द्वितीय जैतपुर की टीम रही। संचालन राजूलाल ने किया।

Scanned by CamScanner

**सिटी स्पोर्ट्स** • मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर स्कूलों-कॉलेजों में हुई खेलकूद प्रतियोगिताएं

# कबड्डी बालिका वर्ग में जैतपुर की टीम विजेता

भास्कर न्यूज | बूंदी

मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। खेल संकुल केंद्र पर ध्यानचंद की फोटो पर पुष्प अर्पित कर वालीबॉल मैच का आयोजन किया गया। यह खेल जिला वालीबॉल संघ व खेल संकुल के खिलाड़ियों के बीच खेला गया। खेल अधिकारी वाईबीसिंह ने ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला। सचिव जिला फुटबॉल संघ के फजलुद्दीन, वालीबॉल, हैंडबॉल, साफ्टबॉल, जूडो-कराटे सभी खिलाड़ियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। सत्यप्रकाश शर्मा ने सभी का आभार जताया।

राजकीय कन्या महाविद्यालय में मेजर ध्यानचंद की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. पीयूषकुमार सालोदिया ने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ खेल में रूचि लेने के लिए प्रेरित किया। पिछले वर्ष की खिलाड़ी छात्राओं का इस वर्ष भी अच्छे प्रदर्शन के लिए उत्साहवर्धन किया। टीटी में सीमा कौर विजेता रही। म्यूजिकल चेयर में सीमा सैनी प्रथम तथा सीमा कौर द्वितीय रही। डॉर्ट बोर्ड गेम में पूजा मीणा प्रथम, सीमा कौर द्वितीय रही। छात्रा दीयाकुमारी ने हॉकी की जानकारी दी।




देई। राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी।

**देई.** नेहरू युवा मंडल लांबाबरड़ा की ओर से जैतपुर सीनियर सैकंडरी स्कूल में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया। नेहरू युवा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सैनी ने बताया कि कार्यक्रम प्रिंसिपल बृजमोहन मीणा, प्रकाश गुर्जर, महावीर नागर अतिथि रहे। प्रतियोगिता में विजेता बालिका वर्ग में प्रथम जैतपुर, द्वितीय तुम्बीपुरा, बालक वर्ग में प्रथम नंदगांव उपविजेता जैतपुर की टीमें रही। प्रतियोगिता के निर्णायक व संचालन में बुद्धिप्रकाश गुर्जर, धर्मराज गुर्जर, देवराज गुर्जर, राकेश गुर्जर रहे। प्रतियोगिता में चंदनपुरा, सुरली, नंदगांव, पीपल्या, तुम्बीपुरा, जैतपुर, लांबाबरडा, मोतीपुरा, देई, गुढ़ागोपालजी की टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सोनूकुमार सैनी सहित अन्य मंडल युवाओं ने सहयोग किया। मंच संचालन राजूलाल गुर्जर ने किया।

**बसोली.** कस्बे के सीनियर सैकंडरी स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सीधा भाषण छात्र-छात्राओं सुना। प्रिंसिपल आनंदीलाल चौधरी, शिक्षक गणेशलाल, शिवराज, रामप्रकाश मीणा मौजूद रहे।

## प्रांतीय प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल द्वितीय रहा

**हिंडौली.** महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम जयपुर में विद्यार्थियों को कम्प्यूटर आधारित ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में कस्बे के मॉडल स्कूल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रिंसिपल राजेंद्रकुमार निर्मल ने बताया कि प्रतियोगिता में 134 मॉडल स्कूलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम चरण में 6 टीमों का चयन किया गया। अंतिम बजर राउंड में हिंडौली मॉडल स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसमें शिवांश लाठी व दीपक गौड़ ने भाग लिया।

## फुटबॉल प्रतियोगिता एक सितंबर से इंद्रगढ़ में

**इंद्रगढ़.** शहर में 64वीं जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता एक से लेकर चार सितंबर तक होगी। सीनियर सैकंडरी स्कूल के शारीरिक शिक्षक कुलदीप गिरी ने बताया कि 17 व 19 वर्षीय छात्रों की प्रतियोगिता स्कूल के खेल मैदान पर आयोजित की जाएगी। जिन स्कूलों की टीम प्रतियोगिता में भाग लेगी। 31 अगस्त तक जमा किए जा सकेंगे।

Scanned by CamScanner